भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5255
उत्तर देने की तारीख 03.04.2023

आजादी का अमृत महोत्सव

5255. श्री धर्मेन्द्र कश्यप :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय और उससे संबद्ध संगठनों द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए की गई विभिन्न पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय और उससे संबद्ध संगठनों ने उत्तर प्रदेश राज्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) मंत्रालय द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भावी पहलों की क्या योजना है और उत्तर प्रदेश के विशेष संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क): आजादी का अमृत महोत्सव (अकाम) एक राष्ट्रीय पहल है, जहां लोग भारत सरकार, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों और अन्य संगठनों द्वारा आयोजित विभिन्न समारोहों/अभियानों में शामिल होने के लिए एकजुट होते हैं। मार्च, 2021 से भारत और विदेश में 1.7 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य पहलों में शामिल हैं- हर घर तिरंगा अभियान जिसमें 23 करोड़ से अधिक घरों में वास्तविक रूप से तिरंगा फहराया गया और 6 करोड़ से अधिक लोगों ने तिरंगे के प्रति अपनी ओर से सम्मान व्यक्त करने के लिए डिजिटल मंच पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया; गुमनाम नायकों पर डिजिटल जिला संग्रह और वेबसाइट जिसका उद्देश्य उन वीरों की गाथाओं को

परिरक्षित और संवर्धित करना है जिन्होंने भारत के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए; सृजनात्मकता में एकता प्रतियोगिता जिसमें 5 लाख से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं और इसकी आउटरीच 19 लाख से अधिक रही, राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव जिसमें 1000 लोक कलाकारों और 300 कारीगरों ने भाग लिया; 09 विषयों के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा सांस्कृतिक गौरव नामक अभियान जो आगे माननीय प्रधानमंत्री जी के पंच प्रण से जुड़ा हुआ है, 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन, वीर बाल दिवस, काशी तमिल संगमम, नदी महोत्सव, कलांजलि, वितस्ता आदि का आयोजन।

(ख): भारत सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों ने आजादी का अमृत महोत्सव में भाग लिया। इस राज्य में 7.8 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 15.84 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया जो इस महोत्सव में राज्य सरकार की भागीदारी के स्तर का द्योतक है। काकोरी ट्रेन कांड के स्मरणोत्सव के लिए गोंडा, प्रयागराज, अयोध्या और गोरखपुर की जेलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जेल के कैदियों के जीवन में सुधार लाने हेतु पहल के रूप में उन्हें इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह काकोरी, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें एक स्मारक ड्रोन शो भी शामिल है। अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के भाग के रूप में लखनऊ में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पर भारत का अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन शो आयोजित किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा आयोजित अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार है: उत्तर प्रदेश दिवस, अवध महोत्सव, रंग दे बसंती, चौरी चौरा कार्यक्रम, डॉ अंबेडकर जयंती, वीरांगना लक्ष्मी बाई बलिदान दिवस, हर घर तिरंगा अभियान, वाल्मीकि जयंती, शहीद मंगल पांडे जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस, आजादी की हुंकार, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्ण जयंती समारोह, प्रयागराज में आजादी कला यात्रा आदि शामिल हैं।

(ग): आजादी का अमृत महोत्सव के समापन की निर्धारित तारीख 15 अगस्त, 2023 है और उत्तर प्रदेश राज्य सहित सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा इस महोत्सव के समापन तक इसमें भाग लेना अपेक्षित है।

*****